भारत सरकार

संचार मंत्रालय

दूरसंचार विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं.* 255

उत्तर देने की तारीख 11 मार्च, 2020

भारत संचार निगम लिमिटेड और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड को हुआ घाटा

***255. श्री गोपाल शेट्टीः**
क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकारी क्षेत्र की दूरसंचार कंपनियां भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) को कब से घाटा हो रहा है;

(ख) उक्त कंपनियों को घाटे से उबारने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार, विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री रवि शंकर प्रसाद)

(क) से (ग) विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

"भारत संचार निगम लिमिटेड और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड को हुआ घाटा" के बारे में लोक सभा के दिनांक 11 मार्च 2020 के तारांकित प्रश्न सं. *255 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में लोक सभा के पटल पर रखा जाने वाला विवरण

(क) भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) को वर्ष 2009-10 से हानि हो रही है।

(ख) और (ग) सरकार ने दिनांक 23.10.2019 को बीएसएनएल और एमटीएनएल के लिए पुनरूद्धार योजना अनुमोदित की है। इस पुनरूद्धार योजना में, अन्य बातों के साथ-साथ, 50 वर्ष और उससे अधिक आयु वाले कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्कीम (वीआरएस) के माध्यम से स्टाफ संबंधी खर्च कम करने, बीएसएनएल/एमटीएनएल को 4जी सेवाएं प्रदान करने के लिए स्पेक्ट्रम का प्रशासनिक आबंटन करने, ऋण तथा पूंजीगत व्यय को कम करने और नेटवर्क उन्नयन/विस्तार के लिए बीएसएनएल/एमटीएनएल की आस्तियों का मुद्रीकरण करने, सरकारी गारंटी बांडों के जरिए ऋण को पुन:निर्धारित करने तथा बीएसएनएल और एमटीएनएल के विलय के लिए सैद्धांतिक मंजूरी देने जैसे उपाय शामिल हैं।

*****